an>

Title: Regarding Setting up of a Sainik School in Naya Raipur, Chhattisgarh

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): केन्द्र सरकार द्वारा बच्चों के भविष्य संवारने हेतु केन्द्रीय विद्यालय के अतिरिक्त सैनिक स्कूल भी संपूर्ण देशभर में संचालित है। उक्त सैनिक स्कूल के माध्यम से बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ भारतीय सैन्य सेवा में अपना भविष्य संवारने का एक अच्छा अवसर प्राप्त होता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में केवल एक सैनिक स्कूल अंबिकापुर, जिला सरगुजा में संचालित है। सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवी एवं नवमीं में प्रवेश मिलता है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थित अंबिकापुर सैनिक विद्यालय में कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु एक भी सीट उपलब्ध नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा बजट में निर्णय लिया गया है कि संपूर्ण देश में 100 नये सैनिक विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे।

अतः मेरा माननीय रक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी नया रायपुर में उक्त स्वीकृत 100 सैनिक विद्यालय में से एक विद्यालय स्वीकृत किये जाने की कृपा करेंगे जिससे कि छत्तीसगढ़ राज्य के बच्चों को सैनिक स्कूल में पढ़ने का अधिकाधिक अवसर प्राप्त होगा एवं आगे भविष्य में भारतीय सैन्य सेवा में उचित अवसर पर भी प्राप्त होगा।